newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

# जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ४९ | २५ से ३१ दिसंबर २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024


## संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## कोरोना का कहर

कोरोना की दो बड़ी लहरों ने देश में जितने बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान पहुंचाया, उसके अनुभवों से अब सरकार किसी भी तरह का जोखिम लेने को तैयार नहीं है। एक बार फिर कोरोना विषाणु के पांव पसारने की आशंका गहराने लगी है। पिछले कुछ दिनों में कोरोना के मामलों में एकदम से उछाल दर्ज हुआ। एक दिन में एक सौ चालीस से अधिक मामले पाए गए। फिर कोरोना के नए बहुरूप जेएन.१ से संक्रमित एक व्यक्ति की केरल में पहचान हो गई। उसके बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय सतर्क हो गया है। मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिख कर इससे सावधान रहने को कहा है। तमिलनाडु और केरल सरकार ने लोगों को कोरोनोचित एहतियाती उपाय बरतने का निर्देश जारी कर दिया है। दरअसल, कोरोना की दो बड़ी लहरों ने देश में जितने बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान पहुंचाया, उसके अनुभवों से अब सरकार किसी भी तरह का जोखिम लेने को तैयार नहीं है। यह अच्छी बात है कि शुरुआती मामला सामने आने के तुरंत बाद सरकारें सतर्क हो गई हैं और लोगों को भी जागरूक रहने को प्रेरित कर रही हैं। कोरोना के शुरुआती मामले केरल से ही फैले थे, जो देश भर में तबाही का कारण बने। हालांकि अभी उसके नए बहुरूप के प्रभाव इतने खतरनाक नहीं हैं कि उसे लेकर बहुत घबराने की जरूरत है, मगर मामूली लापरवाही भी महामारी का रूप ले सकती है। बड़ी मुश्किल से कोरोना के फैलाव पर काबू पाया जा सका था। देश भर में टीकाकरण और सख्त नियमों के जरिए लोगों को सुरक्षित किया जा सका। मगर चिकित्सा विज्ञानियों का कहना था कि कोरोना विषाणु सदा के लिए समाप्त नहीं हो सकता। यह रूप बदल-बदल कर हमारे बीच में ही उपस्थित रहेगा और हमें अब इसके साथ ही जीने की आदत डालनी होगी। यानी महामारी की छाया बनी हुई है। दरअसल, कोई भी विषाणु पूरी तरह समाप्त नहीं होता, वातावरण, मौसम आदि के मुताबिक अपना रूप बदल लिया करता है। उससे पार पाने के लिए प्रतिरोधक क्षमता विकसित करनी पड़ती है। पहले भी प्रतिरोधक टीकों के जरिए ही अनेक महामारी फैलाने वाले विषाणुओं पर काबू पाने में कामयाबी पाई जा सकी है। कोरोना के टीकों का भी निस्संदेह प्रभाव देखा गया। मगर इन टीकों से शरीर में पैदा होने वाली प्रतिरोधक क्षमता स्थायी नहीं बताई जाती है। फिर, इनका बार-बार उपयोग भी सुरक्षित नहीं माना जाता। ऐसे में लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे खुद नाक-मुंह ढंकने, हाथ धोने जैसे एहतियाती उपाय अपना कर और अपनी दिनचर्या, खानपान की आदतों आदि में बदलाव करके सुरक्षित रहने का प्रयास करें। मगर भारत जैसे देश में, जहां बहुत सारे इलाकों में भीड़भाड़ अधिक रहती है, लोगों में साफ-सफाई को लेकर जागरूकता कम है, खांसी-जुकाम जैसी शिकायतों में प्राय: अनदेखी और देसी उपचार पर अधिक भरोसा देखा जाता है, वहां किसी भी तरह की लापरवाही कोरोना जैसे विषाणु को पांव पसारने का मौका देती है। इसलिए केंद्र और राज्य सरकारों की चिंता वाजिब है। हालांकि अब भी बहुत सारी राज्य सरकारें इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आतीं। हमारे यहां स्वास्थ्य सेवाओं का आलम यह है कि जांच आदि की माकूल व्यवस्था न होने से बहुत सारे रोगों की समय पर पहचान नहीं हो पाती। बहुत सारे लोगों ने मान लिया है कि कोरोना का संकट अब सदा के लिए टल गया है। इसलिए इससे संबंधी जांचें कराने की जरूरत नहीं समझी जाती। ऐसे में सरकारों को खुद भी सतर्क रहना और लोगों में इसके प्रति निरंतर जागरूकता पैदा करते रहना आवश्यक है।

# मीरा-भायंदर ड्रग्स के शिकंजे में, युवाओं का भविष्य अंदकार में

**भाईंदर :** स्टील नगरी में नशा का कारोबार बढता ही जा रहा है। जवान होते बच्चे तेजी से नशे के अधीन होते जा रहे हैं। लगातार कार्रवाई के बावजूद भी पुलिस नशे के कारोबार की कडी नहीं तोड.पा रही है। हालांकि पुलिस की भूमिका से नागरिक असंतुष्ट हैं। अभिभावकों को डर सता रहा है कि कहीं उनका बच्चा भी नशे को चंगुल में न आ जाए। नशे के लिए चोरी आदि आपराधिक वारदातों को नशेडी अंजाम देते हैं। मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के इंचार्ज अमर मराठे के मुताबिक, वर्ष २०२३ में हमने तीन गुना ज्यादा ड्रग्स बरामद किए हैं। वर्ष २०२२ में ड्रग्स विक्री के ५० मामलों में ६० ड्रग्स विक्रेता गिरफ्तार हुए थे, इनसे १.८० करोड. की ड्रग्स बरामद हुई थी। जबकि इस साल ४७ केस में ५० ड्रग्स विक्रेता पकडे. गए हैं और इनसे ५.६० करोड.को ड्रग्स जब्त की गई है। पुलिस थाने, क्राइम ब्रांच अलग से ड्रग्स की खरीद (सेवन) बिक्री करने वालों की धरपकड.करते रहते हैं। मराठे ने बताया कि जब्त ड्रग्स में एमडी और गांजा का प्रमाण ज्यादा है। पुलिस थाने स्तर पर नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि हेरोइन,



कोकीन, एमडी, गांजा, बटन (अल्फाजोलम), कोरेक्स आदि का सेवन नशेडी प्रमुख रूप से करते हैं। कांग्रेस के पूर्व नगरसेवक जुबेर ईमानदार को भी इन्साफ के खिलाफ आवाज उठाने का खामियाजा भुगतना पडा। नशेडियों से आधी रात को उनके घर को आग लगा दी थी। उस समय ये बाहर थे और उसकी दो बेटियां घर में अकेली थी। समय रहते आग बुझा देने से बडा अनर्थ टल गया। इनामदार कहते हैं कि पिछले पांच साल से वे इसके खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके छह से सात लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। उसका आरोप है कि पुलिस ड्रग्स का सेवन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तो करती है, लेकिन ड्रग्स बेचने वालों को नहीं पकड.पाती है। जयंत बजबले ने कहा कि इस से जुडे- लोगों चाहे खरीद/बिक्री या सेवन करने वाला है, उसको बख्शा नहीं जाएगा। ड्रग्स की वजह से दूसरे अपराध बढ.रहे हैं। इसलिए नशा का कारोबार रोकने के लिए हम बहुत गंभीर हैं। अकेले मेरे कार्यक्षेत्र में इस साल अब तक ३६ ड्रग्स. पेडलर्स को गिरफ्तार कर उनसे २१.३८ करोड.रुपए का ड्रग्स जब्त किया गया है। ड्रग्स का इस्तेमाल (सेवन) करने वाले २५४ लोगों पर भी मामला दर्ज किया गया है। पूर्व उपमहापौर हसमुख गहलोत ने कहा कि जिस तेजी से युवक ड्रग्स के आगोश में आते जा रहे हैं, उससे किसी के भी घर में ड्रग्स पहुंच सकता है। देश में युवाओं का ओसतन ज्यादा है। युवाओं को बचाया नहीं गया, तो घर के साथ देह भी गर्त में चला जाएगा। गहलोत ने नवघर पुलिस को पत्र लिखकर नाराजगी जताई है। उन्होंने पत्र में कहा है कि इंद्रलोक फेस-६ में पीलहाइट्स, एम्स व्यू, स्वात्तिक बिल्डिंग के निकासी उनके पास शिकायत लगातार कर रहे हैं। उनका आरोप है की नशेडी महिलाओं और वरिष्ट नागरिकों को परेशान करते हैं। उन्होंने कई बार पुलिस को पत्र दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# प्रदूषण मुक्त बनेगी मायानगरी

मुंबई : विशेष बच्चों को विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। ऐसे बच्चों के लिए प्रारंभिक उपचार और पुनर्वास केंद्र के माध्यम से मुफ्त उपचार प्रदान किया जाएगा और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नगर निगम के अधिकारियों को मुंबई के पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में एक-एक केंद्र शुरू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि ठाणे में भी एक केंद्र शुरू किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि बृहन्मुंबई नगर निगम के माध्यम से चल रहा 'संपूर्ण स्वच्छता अभियान' एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है और जल्द ही स्वच्छता का यह मुंबई पैटर्न राज्य के सभी शहरों में लागू किया जाएगा. चरणबद्ध तरीके से. मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने रविवार को नायर अस्पताल के तहत नव प्रारंभ बच्चों के प्रारंभिक उपचार और पुनर्वास केंद्र (ईआईआरसीसी) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुंबई शहर जिला संरक्षक मंत्री दीपक केसरकर, मुंबई उपनगर जिला संरक्षक मंत्री मंगलप्रभात लोढा, स्थानीय विधायक रईस शेख, विधायक श्रीमती यामिनी जाधव, विधायक कालिदास कोलंबकर, एडवोकेट, डॉ. सुधाकर शिंदे, उपायुक्त रमाकांत बिरादर आदि उपस्थित थे। इस मौके पर। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की 'संपूर्ण स्वच्छता अभियान' की अवधारणा के तहत, मुख्यमंत्री ने आज डॉ. हेडगेवार चौक, आचार्य अत्रे चौक, माता रमाई अंबेडकर चौक, नायगांव में महाराणा प्रताप चौक और नायगांव



बीडीडी चाल क्षेत्र में गांधी चौक पर चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। प्रारंभिक उपचार केंद्र शुरू करने का विशिष्ठ समाधान बच्चों के प्रारंभिक उपचार केंद्र का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा, यह केंद्र निजी उपचार केंद्र से बेहतर है और यह इस बात का अच्छा उदाहरण है कि नगर निगम कितना अच्छा काम कर सकता है. विशेष बच्चों की भी विशेष आवश्यकताएँ होती हैं, माता-पिता उनकी परवाह करते हैं। हालाँकि, इस केंद्र के माध्यम से ऐसे बच्चों का मुफ्त इलाज किया जाएगा और ऐसे दो केंद्र मुंबई पूर्व और पश्चिम उपनगरों में शुरू किए जाएंगे और एक केंद्र ठाणे में भी शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां बच्चों का इलाज कर रहे डॉक्टरों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि प्रारंभिक उपचार केंद्र शुरू होने से बहुत संतुष्ठि हुई. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संपूर्ण स्वच्छता अभियान की अवधारणा के तहत अब विभिन्न प्रशासनिक प्रभागों (वार्डों) में हर सप्ताह सफाई की जा रही है. मुख्यमंत्री खुद इस अभियान में हिस्सा ले रहे हैं. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, स्वच्छता स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। इसके कारण, मुंबई में संपूर्ण स्वच्छता अभियान अब एक जन आंदोलन बन गया है और स्थानीय नागरिक, स्कूली छात्र, गैर-सरकारी संगठन इसमें सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इसके माध्यम से आसपास के प्रशासनिक विभागों की जनशक्ति और सक्शन मशीन, एयर प्यूरीफायर जैसे आधुनिक उपकरणों का उपयोग करके सडक़ की सफाई, सडक़ों से मिट्टी हटाना, पुनर्नवीनीकृत पानी से सडक़ों की धुलाई, आंतरिक सडक़ों, फुटपाथों, नालियों, सार्वजनिक शौचालयों आदि की सफाई की जा रही है। , धुंध मशीनें आदि हैं इस उद्देश्य के लिए एक हजार टैंकर किराये पर लेने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान से नियमित सफाई कार्य में सुविधा हो रही है और आने वाले समय में इसके प्रत्यक्ष परिणाम देखने को मिलेंगे। मुंबई की सडक़ों को गड्ढा मुक्त किया जा रहा है और सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चल रहा है। हर चौक-चौराहों पर पौधारोपण, शहरी वन के माध्यम से हरित क्षेत्र बढाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण मुक्त मुंबई के लिए यह बडा फायदा होगा. मुख्यमंत्री ने कहा, मुंबई को स्वच्छ, सुंदर, स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त बनाया जा रहा है। चूंकि स्वच्छता नागरिकों के स्वास्थ्य से जुडा है, इसलिए स्वच्छता को प्राथमिकता दी जा रही है। मुंबई एक विश्व स्तरीय शहर है, इसलिए दुनिया में हर किसी की अपेक्षा के अनुरूप मुंबई को स्वच्छ और सुंदर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बृहन्मुंबई नगर निगम के माध्यम से संपूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने सुझाव दिया कि बस स्टॉप को साफ-सुथरा रखा जाए, डिवाइडरों में पेड़ लगाए जाएं, सडक़ों को हर दिन धोया जाए, धूल उडऩे से रोकने के लिए निर्माणाधीन इमारतों को ढका जाए. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों के साथ इस अभियान में बहुमूल्य भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों की भी सराहना की और कहा कि वे ही इस अभियान के सच्चे नायक हैं. इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सफाई कर्मियों की कॉलोनियों में सफाई कराने का निर्णय लिया है और उनकी अन्य समस्याओं को भी दूर किया जायेगा.

मुख्यमंत्री श्री शिंदे ने नायगांव के बीडीडी चाल क्षेत्र में नायगांव

# मिरा भाईंदर में २०२४ में शुरु हो सख्ता है न्यायालय

भायंदर, मीरा भायंदर शहर में स्वतंत्र न्यायालय के इमारत का कार्य पूर्ण हो चुका है. हाल ही में सभी संबंधित अधिकारियों ने इसका निरीक्षण भी किया है. मनपा ने न्यायालय इमारत को एनओसी भी दे दी है, मीरा भायंदर में जनवरी २०२४ से न्यायालय के कामकाज की शुरुआत करें. न्यायालय शुरू करने के लिए नियुक्ति व आवश्यक तैयारी पूर्ण कर न्यायालय शुरू करने के लिए शीघ्र प्रयत्न की जाए, ऐसा मुद्दा मंगलवार को विधायक प्रताप सरनाईक ने नागपुर के अधिवेशन में उठाया, जिससे अब नए वर्ष में मीरा भायंदर शहर वासियों के लिए स्वतंत्र न्यायालय के शुरू होने के आसार दिखाई दे रहे हैं. अधिवेशन में न्यायालय का मुद्दा उपस्थित करते हुए सरनाईक ने कहा कि तेजी से विकसित हो रहे मीरा भायंदर की बढती आबादी १५ लाख के करीब पहुंच गई है. बढती आबादी और शहरीकरण के कारण यहां अपराधों के प्रमाण, जमीन जायदाद और पारिवारिक विवादों में भी वृद्धि हुई है, जिसका निपटारा अभी ठाणे सत्र न्यायालय में होता है, जिससे नागरिकों के साथ-साथ पुलिस व मनपा प्रशासन के अधिकारियों-कर्मचारियों को ठाणे के चक्कर काटने पडते हैं. ठाणे की दूरी और नियमित ट्रैफिक जाम के कारण इसमें समय और ईंधन की व्यर्थ बर्बादी होती है. सरनाईक ने कहा कि वर्ष २०१४ से राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा घोडब़ंदर परिसर में सर्वे क्रमांक २३३ के ४३५३.३७ वर्गमीटर जगह पर नया स्वतंत्र कोर्ट के इमारत व न्यायाधीशों के निवास स्थान का निर्माण कार्य शुरू किया गया है. राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कार्य पूर्ण किए जाने में कुछ न कुछ अडच़ने आ रही थी. कभी न्यायमूर्ति के निवास स्थान के लिए निधि की कमी तो कभी उच्च न्यायालय से अनुमति न मिलने के कारण यह कार्य धीमी गति से चल रहा था. अब कोर्ट के इमारत का बांधकाम पूर्ण हो चुका है, लेकिन नआम नागरिकों के लिए नहीं खोला गया है.



# मिमिक्री मामले में बीजेपी का हल्लाबोल

भाईंदर : राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड. की मिमिक्री मामले में गुरुवार को भाजपा मीरा भाईंदर शहर में पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता के नेतृत्व में एवं जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा के मार्गदर्शन में भाजपा जिला कार्यालय सेवन स्क्वायर कंपाउंड, आइडियल पार्क, मिरा रोड पूर्व पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के विरोध में तीव्र 'निषेध आंदोलन' किया गया जिसमे रैली निकाली गई और जमकर नारेबाजी की गई । कांग्रेस पार्टी और 'शघ' अघाडी दलों को मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन में भारत के माननीय उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के




अध्यक्ष श्री जगदीप धनखड.जी का अपमान करते हुए अशिष्ठ और अशोभनीय व्यवहार कर रहे थे और कांग्रेस के स्व-घोषित बुद्धिमान राहुल गांधी उनके इस कुकृत्य को बगल में खडे.होकर बेशर्मी से अपने मोबाइल कैमरे में रिकार्डिंग कर रहे थे। पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने कहा कि कांग्रेस भारत के संविधान को नहीं मानती है और ना हीं संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को मानती है, प्रधानमंत्री राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति लोकसभा स्पीकर संवैधानिक पद है किसी पार्टी का नहीं है हाल ही में तीन राज्यों में भाजपा ने बहुमत से सरकार बनाई है इसी से बेचैन होकर कांग्रेस और उसके घटक दलों का मानसिक संतुलन बिगड.गया है, बीजेपी जिलाअध्यक्ष किशोर शर्मा ने ने ममता बनर्जी, कल्याण बनर्जी, राहुल गांधी और सोनिया गांधी से माफी की मांग की है और कहां की कांग्रेस और उसके घटक दलों ने हमेशा संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का अनादर किया है, उन्होंने अपने इस कुकृत्य पर माफी नहीं मांगी तो इससे भी तीव्र आंदोलन किया जाएगा, देश में सिर्फ एक ही लहर है और वह मोदी जी की लहर है, मोदी की गारंटी हर वर्ग समाज में बढ.-चढक़र बोल रहा है, जिला उपाध्यक्ष सुनील केसरी ने कहा कि कांग्रेस की नीति और नियत हमेशा से देश लूटने की रही है आज देश में गरीबी सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस की देन है, कांग्रेस और उसके घटक दलों की विचारधारा एवं भाषा रोड पर चल रहे एक टपोरी की तरह है, अगले साल २०२४ में होने वाले लोकसभा चुनाव में देश की जनता इनको सबक सिखाएगी. इस निषेध आंदोलन में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संजय थरथरे, जटाशंकर पांडे, मनोज दुबे, सुनील केसरी, जिला महामंत्री-भरत बोहरा, दयानंद शिर्के, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष-अनिता पाटील, महामंत्री- राखी सेंद्रे, मंजू बारोट, युवा मोर्चा महामंत्री रणवीर बाजपेई, कार्यकर्त्ता, जिला पदाधिकारी, नगरसेवक, नगरसेविका, मोर्चा, आघाडी एवं प्रकोष्ट के पदाधिकारी उपस्थित थे।




**MIRA BHAINDAR MUNICIPAL CORPORATION**
**INFORMATION AND TECHNOLOGY DEPARTMENT**
Indira Gandhi Bhavan, Chattrapati Shivaji Maharaj Marg, Bhayander (W) - 401101 Tal.Dist. Thane 401101
Website - www.mbmc.gov.in E-mail- it@mbmc.gov.in Telephone No. - 28192828-251

MBMC/IT/388/2023-24 Date: 21/12/2023

## // Tender Notice //

Mira Bhaindar Municipal Corporation, Information and Technology Dept. invites proposals from reputed and experienced companies to participate in the competitive bidding process to Supply of High Speed Scanner.

For the detailed Tender document, interested bidders should **visit https://gem.gov.in** Tender submission would be online and the deadline to submit the proposals is on dt.01/01/2024 at 6 p.m.

(Bid No. gem/2023/B/4380269)

sd/-
(Sanjay Shinde)
Deputy Commissioner
(Information and Technology)
Mira Bhaindar Municipal Corporation

Ref. No. MBMC/PRO/E-1185048/2023-24
Place : Bhainder (West)
Date : 21/12/2023


# वायरस से निपटने के लिए एमबीएमसी ने कसी कमर

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर: जेएन१ संक्रामक रोग संकट से निपटने के लिए मीरा-भायंदर नगर निगम ने प्रभावी दवाओं का भंडार उपलब्ध कराया है। अगर शहर में इस वायरस से संक्रमित कोई मरीज मिलता है तो उसके इलाज के लिए भायंदर से भारत रत्न स्व. पंडित भीमसेन जोशी राजकीय चिकित्सालय में १०० बेड उपलब्ध कराये गये हैं। सूत्रों ने बताया कि गहन चिकित्सा इकाई के लिए २० बिस्तर आरक्षित रहेंगे. वैश्विक स्तर के साथ-साथ देश और राज्य स्तर पर भी कोविड के उपप्रकार जेएन-१ के वायरस संक्रमण का बडे. पैमाने पर प्रसार शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसे गंभीरता से लेते हुए राज्य की सभी स्वास्थ्य प्रणालियों को तैयार रहने का आदेश दिया है. इसके मुताबिक मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त संजय काटकर ने चिकित्सा विभाग को तैयार रहने का आदेश दिया है. इस विभाग ने इस रोग के लिए औषधियों की खरीद कर ली है तथा औषधियों एवं सामग्रियों का पर्याप्त भण्डार उपलब्ध करा दिया है। चिकित्सा विभाग के अधीक्षक आयुक्त डॉ. डॉ. संभाजी पानपट्टे, इस अस्पताल के अधीक्षक। जफर तड़वी को पत्र भेजकर जेएन १ मरीजों के इलाज के लिए अलग वार्ड बनाने का सुझाव दिया गया है.

# केरल और गोवा के बाद महाराष्ट्र में घुसा जेएन.१, एक दिन में १ से बढ़कर २१ हुए कोरोना के नए मामले

मुंबई : देशभर में एक बार फिर कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। महाराष्ट्र में इसका नया वैरिएंट जेएन.१ घुस आया है। कोरोना के सब-वेरिएंट जेएन.१ के अब तक २१ मामले सामने आ चुके हैं। एक दिन पहले तक सिर्फ १ मरीज था, जबकि अगले दिन २१ मरीज हो गए। गोवा, केरल और महाराष्ट्र में नए कोरोना वायरस वैरिएंट के मामले सामने आए हैं, अकेले गोवा में अब तक इस सब वैरिएंट के १९ मामले सामने आ चुके हैं। केरल और महाराष्ट्र में एक-एक मामले का पता चला है। कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट का ही सब वैरिएंट जेएन.१ पिछले कुछ हफ्तों में सबसे तेजी से पैंलने वाले वायरस में से एक बन गया है। देशभर में कोविड के बढ़ रहे मामलों के बीच, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने बुधवार को कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। पॉल ने कहा कि भारत में वैज्ञानिक नए वैरिएंट पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हालांकि, वीके पॉल ने राज्यों को कोविड की तैयारी बढ़ाने, परीक्षण बढ़ाने और अपनी निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस बीच, केंद्र ने देशभर में कोविड के मामले बढ़ने के कारण राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सतर्क रहने को कहा है। राज्यों को नियमित आधार पर सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में जिलेवार इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तेज फैलने वाली सांस की बीमारी के मामलों की निगरानी करने और उन्हें रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। कोरोना के नए सब वैरिएंट जेएन.१ के बारे में सामने आया है कि इसका सबसे पहला केस अगस्त में लक्जमबर्ग में पाया गया था। इसके बाद यह धीरे-धीरे ३६ से ४० देशों में फैल गया। डब्ल्यूएचओ ने इसे वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट कहा है। कोविड के चलते बीते दो हफ्ते में देश के अंदर १६ मौतें हुई हैं। इन लोगों को पहले से कई गंभीर बीमारी थीं। यानी ये लोग कोमोरबिडिटीज से पीड़ित थे। हाल ही में १५ दिसंबर को बंगलुरु के एक निजी अस्पताल में एक व्यक्ति की कोरोना संक्रमण से मृत्यु हुई थी। वह भी दूसरी कई बीमारियों से पीड़ित था। इस रोगी का सैंपल इकट्ठा कर जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिया गया है।



# हर दिन हो रही है २३ शिशुओं की मौत!

मुंबई : विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने स्वीकार किया था कि इस साल अप्रैल से अक्टूबर तक की अवधि में महाराष्ट्र में कम से कम ४,८७२ शिशुओं की मौत हुई और यह आंकड़ा प्रतिदिन औसतन २३ मौतों का है। उन्होंने कहा कि ४,८७२ शिशुओं में से ७९५ (१६ प्रतिशत) की मौत सांस संबंधी बीमारियों के कारण हुई। यह जानकारी प्रश्नकाल के दौरान विधायक सचिन कल्याण शेट्टी के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने दी। मुंबई, ठाणे, सोलापुर, अकोला और नंदुरबार में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। उन्होंने बताया कि मरने वाले शिशुओं की उम्र शून्य से २८ दिन के बीच थी। मौत के आंकड़ों पर गौर करें तो रोजाना औसतन २३ शिशुओं की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में ५२ विशेष नवजात देखभाल कक्ष कार्यरत हैं। मंत्री ने कहा, २सभी बीमार शिशुओं के लिए सरकारी अस्पतालों में दवा, परीक्षण और परिवहन मुफ्त मिलता है। १२ दिसंबर को महाराष्ट्र राज्य विधानसभा में महाविकास आघाड़ी गठबंधन से जुड़े विपक्षी दलों के नेताओं ने राज्य सरकार पर स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर स्थिति का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राकांपा और कांग्रेस सहित नेता अपनी चिंताओं को व्यक्त करने के लिए विधान भवन के बाहर एकत्र हुए थे।



















# बार के हत्याकांड में आरोपी गिरफ्तार



**नई मुंबई** : दो दिन पहले नेरुल स्थित शिरवणे के एक बार में बार कर्मचारी की हत्या कर दी गई थी। इस हत्या के मामले में बार के ही तीन कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस बारे में जानकारी देते हुए परिमंडल-१ के पुलिस उपायुक्त विवेक पानसरे ने बताया कि शिरवणे के भारती बार में काम करने वाले उदय होन्नप्पा शेट्टी अपना पेमेंट एक आलमारी में रखता था, जिसपर उसी बार में काम करने वाले विक्रम यादव की गलत नजर थी। बताया जा रहा है कि पैसे चोरी करने के दौरान उदय ने देख लिया था। इसलिए उसकी हत्या करके फरार हो गया था, जबकि कुछ लोगों का कहना है कि डी जे बजाने वाला उदय शेट्टी डी जे ऑपरेटर था और उस दौरान ग्राहक ने जब अपनी पसंदीदा गाना बजाने के लिए कहा तो आरोपी और मृतक डीजे ऑपरेटर के बीच बहस हो गई और यह विवाद इतनी आगे बढ.गई कि आरोपी ने उसके सिर पर क्रिकेट के स्टंप से प्रहार कर दिया और लहूलुहान अवस्था में छोडक़र भाग गया, लेकिन आरोप है कि इस घटना को अलग रंग दिया जा रहा है। फिलहाल, इस मामले में पुलिस ने हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की जांच की जा रही है।






















# मीरा-भायंदर की विकास योजना को लेकर सरनाईक ने उदय सामंत से मुलाकात



**जेकेएस संवाददाता**

नागपुर। मीरा- भायंदर शहर के सर्वसमावेशी और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मीरा-भायंदर शहर की विकास योजना को भविष्य की जरूरतों को पहचान कर अंतिम रूप दिया जाना चाहिए और मनपा प्रशासन जो आरक्षण सुझाता है या जो आरक्षण चाहता है, उसे योजना में शामिल करके ही मीरा भायंदर की विकास योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। सरकार ने विकास योजना को लेकर विधायक प्रताप सरनाईक के सभी सुझावों और मांगों को मान लिया है। मंत्री उदय सामंत ने सोमवार को एक बैठक में निर्णय लिया कि यह विकास योजना मनपा प्रशासन के सुझाए आरक्षण शामिल करने के बाद ही प्रकाशित की जाएगी। गौरतलब हो कि मीरा-भायंदर मनपा क्षेत्र की विकास योजना हमेशा विवादों और चर्चा में रही है। आरोप था कि यह विकास योजना प्रशासन और मीरा-भायंदर मनपा के अधिकारियों को विश्वास में लिए बिना बिल्डरों के फायदे के लिए बनाई गई थी। इस संबंध में विधायक प्रताप सरनाईक ने हाल ही में नागपुर अधिवेशन में एक लक्षवेधी प्रस्ताव पेश किया था, और इस संबंध में एक बैठक आयोजित करने की मांग की थी। बीते सोमबार को नागपुर अधिवेशन के दौरान विधायक प्रताप सरनाईक की मांग के अनुसार मीरा है भायंदर की विकास योजना पर चर्चा के लिए मंत्री उदय सामंत के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। करीब तीन घंटे तक चली इस बैठक में नगर विकास विभाग, राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव असीम गुप्ता, मीरा-भायंदर महानगरपालिका के आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर, मीरा-भायंदर की विधायक गीता जैन मौजूद रहीं। बैठक में मीरा-भायंदर शहर की बढ़ती आबादी और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सर्वसमावेशी विकास योजना कैसी होनी चाहिए, योजना में क्या आरक्षण की आवश्यकता है, इस पर विधायक सरनाईक ने अपनी राय व्यक्त की। उदय सामंत ने कहा कि राज्य सरकार ने विधायक सरनाईक के लक्षवेधी प्रस्ताव के सभी मुद्दों और आज की बैठक मैं दिए गए सभी सुझावों को स्वीकार कर लिया है। उन्होंन कहा कि मीरा-भायंदर शहर की विकास योजना में मनपा आयुक्त अर्थात मनपा प्रशासन को जो भी आरक्षण की जरूरत होगी, विकास योजना में वह सभी आरक्षण समाविष्ठ किए जाएंगे। मंत्री सामंत ने कहा कि मनपा प्रशासन के सुझाव के अनुसार विकास बोजना को मंजूरी दी जाएगी। बैठक के बाद बोलते हुए विधायक सरनाईक ने बताया कि शहर की यह विकास योजना बिल्डरों की नहीं, बल्कि महानगरपालिका की है, इसलिए जनहित की आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए ही अंतिम योजना प्रकाशित करने का निर्णय आज की बैठक में लिया गया है। विधायक प्रताप सरनाईक ने बताया कि सोमवार की बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसके तहत एमएमआरडीए द्वारा बनाए गए मकान अगले एक महीने में मनपा प्रशासन को सौंप दिए जाएंगे। उन्होंन बताया कि राज्य सरकार ने मीरा-भायंदर शहर में विभिन्न सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए धन उपलब्ध कराया है, और उन कार्यों में कोई बाधा नहीं आएगी। उन कार्यों में तेजी लाने का निर्देश आज की बैठक में उद्योग मंत्री उदय सामंत ने संबंधित अधिकारियों दिए हैं। सरनाईक ने बताया राज्य सरकार ने मीरा-भायंदर शहर में कई विकास कार्यों के लिए, निधि आर्बोटत है, लिहाजा बचे हुए विकास कार्यों को शुरू कराने लिए मुख्यमंत्री अगले माह मनपा आयुक्त एवं प्रशासक संजय काटकर तथा सभी जन प्रतिनिधियों की बैठक लेंगे। विधायक प्रताप सरनाईक ने कहा कि बैठक में निर्णय लिया कि मीरा-भायंदर शहर के विकास के लिए मंजूर किए गए सभी कार्य शीघ्र पूरे करने के साथ ही कई अन्य जनोन्मुखी विकास कार्यों को शुरू किया जाएगा.

# मिरा भाईंदर में समस्याओं को लेकर सेमिनार का आयोजन



मीरा रोड: मीरा-भायंदर यहां सहकारी अधिवक्ता संघ एवं उप पंजीयक अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सहकारी समितियों एवं नागरिकों की समस्याओं, न्यायिक प्रक्रिया एवं प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार आदि मुद्दों पर परिचर्चा एवं सेमिनार का आयोजन किया गया। सहकारिता विभाग कार्यालय में मूलभूत सुविधाएं, सीसीटीवी, पेयजल, बैठने की व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया में कदाचार, मध्यस्थता दलालों के कारण न्यायिक प्रणाली में अनियमितता, नागरिकों का चार्टर, सक्षम प्राधिकारी उप निबंधक अधिकारियों ने अधिकारियों की कमी, लेखा परीक्षकों द्वारा कर्तव्य में लापरवाही, पदाधिकारियों के प्रशिक्षण, भवनों के पुनर्विकास की प्रक्रिया में घोटाले जैसे विभिन्न संवेदनशील और गंभीर मुद्दों पर चर्चा करके इस पर ध्यान दिया। अपेक्षित सुधार एवं सावधानीपूर्वक प्रक्रियाओं के संबंध में चर्चा हुई. उप रजिस्ट्रार किशन रत्नाले एवं एसोसिएट ऑफिसर सुधाकर राठौड.ने कार्यालय के कामकाज को सुचारू एवं गतिशील बनाने, नागरिकों में न्याय एवं प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा करने हेतु प्रतिष्टित वकीलों से प्राप्त विभिन्न सुझावों पर विस्तार से चर्चा की। प्रशासन और सहकारी सदस्यों, संस्थाओं के बीच सामंजस्य और व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सहकारी वकील संघ ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सहकारी वकील संघ के अध्यक्ष एडवोकेट. इसके लिए प्रदीप सामंत ने पहल की, सचिव सलाहकार, दत्तप्रसाद रेलकर ने उपस्थित और सक्रिय रूप से चर्चा में भाग लेने वाले प्रतिष्टित वकीलों और पत्रकारों को विशेष रूप से धन्यवाद दिया। अधिवक्ताओं ने इस सेमिनार को लेकर संतोष जताया और राय व्यक्त की कि इस तरह का कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित होते रहना चाहिए.

# साहित्य रत्न डेमोक्रेट अन्ना भाऊ साठे विकास निगम के अंतर्गत नवीन योजनाएं क्रियान्वित करें

ठाणे : साहित्य रत्न लोकतांत्रिक अन्ना भाऊ साठे विकास निगम की स्थापना ११ जुलाई १९८५ को हुई थी। निगम की अंशपूंजी में भारी वृद्धि से निगम की अधिकृत अंशपूंजी १ हजार करोड.हो गयी है। स्वीकृत शेयर पूंजी में से २०० करोड. को २०२२-२३ और २०२३-२४ के दो वित्तीय वर्षों में से प्रत्येक में १०० करोड.के रूप में प्रदान किया गया है। इसमें से १०० करोड.की धनराशि सरकार से मिल चुकी है और बाकी १०० करोड.३१ मार्च २०२४ तक मिल जाएंगे. निगम के माध्यम से निम्नलिखित नवीन योजनाएँ प्रारम्भ की जा रही हैं-

ए) एनएसएफडीसी योजना:- (राष्ट्रीय अनुसूचित जाति विकास निगम नई दिल्ली) १०५ करोड.रुपये बकाया होने के कारण, २०१५ से उन्हें फंड देना बंद कर दिया गया था, लेकिन सभी बकाया टर्म लोन परियोजना के भुगतान के कारण १०० करोड.रुपये के फंड की मांग का प्रस्ताव तीन योजनाओं के लिए ३५०० लाभार्थी, सीमा रु. ५,००,०००/-, महिला समृद्धि योजना परियोजना राशि रु. ४,४०,०००/-, लघु ऋण योजना परियोजना राशि रु. १,४०,०००/- एन.एस. एफडीसी अनुमोदन हेतु निगम को प्रस्तुत किया गया है। एनएसएफडीसी कॉर्पोरेशन ने एक महीने के भीतर फंड उपलब्ध कराने का वादा किया है।

इस निगम के जिला कार्यालय से मातंग समुदाय के युवाओं के लिए घरेलू शिक्षा के लिए ३०,००,०००/- (तीस लाख) रुपये और घरेलू शिक्षा के लिए ४०,००,०००/- (चालीस लाख) रुपये के ऋण प्रदान करने के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। और योग्य प्रस्ताव एन.एस. एफडीसी द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं की निधि से स्वीकृति प्रदान कर विद्यार्थियों को शैक्षणिक ऋण योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी

प्रत्यक्ष ऋण योजना - परियोजना सीमा रू. १,००,०००/- (एक लाख) इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष २०२२-२३ में १२०७ लाभार्थियों को रू. १२ करोड.का ऋण स्वीकृत किया गया है तथा रू. ८.०० करोड. आवंटित किये गये हैं। नवंबर के अंत तक ८०० लाभार्थी। साथ ही वित्तीय वर्ष २०२३-२४ में भौतिक १६५० करोड. एवं वित्तीय १ हजार ६५० करोड.एवं वित्तीय वर्ष में वित्तीय १६.५० करोड. का प्रावधान किया गया है तथा ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया जारी है.

२. बीज पूंजी योजना - इस योजना की परियोजना सीमा ७,००,०००/- रुपये (सात लाख रुपये) है जिसमें १०,०००/- रुपये की सब्सिडी के साथ निगम के माध्यम से २०% हिस्सा दिया गया था लेकिन लाहुजी साल्वे आयोग अध्ययन समूह क्रमांक १९ की अनुमोदित सिफारिशें ०१ की सिफारिश के अनुसार इस योजना में निगम की हिस्सेदारी २०% से बढाकर ४५% कर दी गई है। यह राशि ४% ब्याज पर वितरित की जाती है, लाभार्थी की भागीदारी ५% है और शेष ५०% बैंक ऋण है। निगम की शेयर राशि को २०% से बढाकर ४५% करने से ऋण अनुमोदन के लिए बैंकों से बढती प्रतिक्रिया मिल रही है। इसलिए निगम अपील कर रहा है कि अधिकतर आवेदक इस योजना का लाभ उठायें.

त्रवृत्ति योजना - मातंग समुदाय के छात्रों के लिए डेमोक्रेट अन्न भाऊ साठे प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना लागू की गई है। १०वीं के लिए १०००/- रुपये, १२वीं के लिए १५००/- रुपये और १२वीं के लिए १५००/- रुपये और निदेशक मंडल के अनुमोदन से वर्तमान वित्तीय वर्ष से छात्रों के लिए इसमें काफी वृद्धि की गई है। हर साल १०वीं, १२वीं और ग्रेजुएशन में ६०% से अधिक अंक लाने पर १०वीं के लिए ५०००/- रुपये, १२वीं के लिए ७५००/- रुपये और ग्रेजुएशन के लिए १०,०००/- रुपये की बढोतरी की गई है और ग्रेजुएशन के लिए १२,५००/- रुपये की बढोतरी की गई है। और आगामी बोर्ड बैठक में इस राशि को दोबारा दोगुना करने का प्रस्ताव निदेशक मंडल को सौंपा जाएगा

४. अन्नसाहेब पाटिल आर्थिक विकास निगम की तर्ज पर इस निगम को ३०,००,०००/- (तीस लाख रुपये) की परियोजना सीमा और ब्याज वापसी योजना के कार्यान्वयन के संबंध में एक प्रस्ताव सरकार को मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जा रहा है।

५. प्रत्यक्ष ऋण योजना - वर्तमान में निगम के माध्यम से रू. १,००,०००/- (एक लाख) की परियोजना सीमा वाली प्रत्यक्ष ऋण योजना क्रियान्वित की जा रही है, परन्तु चूँकि इस राशि में बडा व्यवसाय करना संभव नहीं है। योजना की परियोजना सीमा ५,००,०००/- रुपये (पांच लाख रुपये) है। समुदाय की ओर से इस योजना की परियोजना सीमा को ५,००,०००/- रुपये (पांच लाख रुपये) तक बढाने की बार-बार मांग की गई थी।

६. लहुजी साल्वे मातंग समाज आयोग की सरकार द्वारा अनुमोदित ६८ सिफारिशों में से १९ सिफारिशें साहित्य रत्न डेमोक्रेट अन्न भाऊ साठे विकास निगम से संबंधित हैं। इन १९ सिफारिशों में प्रथम चरण में ९ सिफारिशों के लिए २३४ करोड.रुपए तथा शेष १० सिफारिशों के लिए २२१ करोड.रुपए कुल ४५५ करोड.रुपए की धनराशि प्राप्त करने का प्रस्ताव सरकार को सौंपा गया है और यह प्रस्ताव है शासन स्तर पर विचाराधीन है।

७. अंधेरी मुंबई के साथ-साथ तुलजापुर जिला उस्मानाबाद में भूमि के संबंध में - मुंबई-अंधेरी में ३८७ वर्ग मीटर। निगम के स्वामित्व वाली एक भूमि है और इस स्थल पर अन्नभाऊ साठे भवन और एक बहुउद्देश्यीय प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए ५० करोड.रुपये हैं और कलेक्टर उस्मानाबाद ने नगर पालिका, तुलजापुर के स्वामित्व वाली १ एकड.भूमि इस निगम को विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रदान की है। इस साइट पर मातंग समुदाय के युवाओं और एक सुसज्जित प्रशिक्षण केंद्र उपलब्ध है। निर्माण के लिए ५० करोड.रुपये का फंड प्राप्त करने का प्रस्ताव सरकार को प्रस्तुत किया गया है।

८. दमनकारी शर्तों में ढील देने का प्रस्ताव- निगम के माध्यम से विभिन्न ऋण योजनाएं लागू की जाती हैं। ऋण वितरित करते समय, दो सक्षम गारंटर लिए जाते हैं जैसा कि सरकारी निर्णय में उल्लेख किया गया है। शर्तों में ढील देने के लिए कार्यकर्ताओं, सामाजिक आयोजकों और समुदाय के सदस्यों से प्रतिनिधित्व प्राप्त हुए हैं गारंटर लेने के लिए. तदनुसार, संबंधित शर्त को शिथिल करने का एक प्रस्ताव सरकार को प्रस्तुत किया गया है। हालांकि, ठाणे जिला प्रबंधक वंदना राणे ने जरूरतमंद लाभार्थियों से साहित्य रत्न डेमोक्रेट अना भाऊ साठे विकास महामंडल (मर्या) द्वारा कार्यान्वित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

# निशुल्क दिव्यांग जाँच चयन नारायण लिम्ब माप शिविर का आयोजन





भाईंदर : नारायण सेवा संस्थान उदयपुर के तत्वावधान में स्वर्गीय श्री कांति लाल जी बाबेल मुख्य सलाहकार मुंबई की पुण्य स्मृति मै विशाल निशुल्क दिव्यांग जाँच चयन नारायण लिम्ब माप शिविर का आयोजन दिनांक २४.१२.२३ रविवार को सुबह ९.०० बजे से ५.०० बजे तक समता भवन ओसत्वाल बगीचा मीरा भायंदर मुंबई मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री नवकार मंत्र एवं दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि गीता जैन विधायिका मीरा भायंदर और मुख्य सरंक्षक उमराव सिंह ओस्तवाल, विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक श्री नरेंद्र मेहता, १४५ विधानसभा प्रमुख रवि व्यास, कमल लोढा शाखा प्रेरक भायंदर, राजेंद्र चांडक भायंदर शाखा संयोजक, कुसुम शर्मा, किशोर जैन, मनीष मुणोत अनीता अग्रवाल, ममता कोठारी, बलविंदर सिंह, विशाल जाधव, दयाराम जोशी, उमेश जैन, संतोष अग्रवाल, मैग्गी नैरोन्हा, संजीव नानावटी, सरिता नाइक दीपक शर्मा, सविता चौहान, मुकेश शर्मा व मुकेश सेन आदि सभी अतिथियों द्वारा शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम मे आये हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान मेवाड की पाग व उपरणा मोमेंटों एवं अभिनन्दन पत्र भेंट कर मुंबई शाखा संयोजक कमल लोढा मुकेश शर्मा मुकेश सेन द्वारा किया गया. कार्यक्रम का मंच संचालन मनीष मुणोत द्वारा किया गया. मुख्य अतिथि ने बताया कि नर सेवा ही नारायण सेवा है सेवक प्रशांत भैया व वंदना अग्रवाल द्वारा बहुत ही सुंदर व सराहनीय कार्य देश ही नहीं विदेशो मे भी किया जा रहा है वर्ष मे दो बार निर्धन एवं दिव्यांग विवाह का आयोजन किया जाता है १०.११ फरवरी २०२४ को आगामी दिव्यांग विवाह बैंगलोर मे होने जा रहा है जिसमे ५१ जोडो का घर बसाने का कार्य किया जायेगा। इस शिविर में पूर्व विधायक श्री नरेंद्र जी मेहता ने कहा आगामी कुछ वर्षों के लिए सेंटर की जगह जल्द उपलब्ध करवायेंगे। कमल लोढा ने बताया कि आज शिविर में ९५ दिव्यांगो का रजिस्ट्रेशन हुआ जिसमे ७९ केलिपर व ३४ नारायण लिम्ब का नाप लिया गया और ६ ऑपरेशन के लिए और पुन: २ महीने बाद फिटमेंट शिविर लगाकर मुंबई में ही वितरण किया जायेगा उदयपुर से आई टीम प्रभारी मुकेश शर्मा भायंन्दर आश्रम प्रभारी मुकेश सेन, आनंद सिंह, रविन्द्र आमेटा, महेश वैरागी, हरीश रावत, किशन सुथार, नरेश वैष्णव लोकेंद्र, अखिल भास्कर का शिविर मे संपूर्ण योगदान रहा। इसके साथ ही संस्थान के सभी कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

# डॉक्टर बालाजी को मिला पुरस्कार



भायंदर ! केशव सृष्ठि द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाने वाला एक लाख के धनादेश का १४ वा केशव सृष्ठि पुरुस्कार संभाजी नगर के डॉक्टर बालाजी आसेगावकर को इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉक्टर अनंत पंढरे के प्रमुख आथित्य में रामभाऊ महालगी प्रबोधिनी में दिया जाएगा! मीरारोड रामरत्ना प्रथमा स्कूल में आयोजित पत्रकार परिषद के दौरान एडवोकेट सुनीता तिवारी ने बताया की स्नेह सावली संस्था के डॉक्टर बालाजी आसेगावकर ने बुजुर्गो के लिए अस्पताल को ही अपनी खुशियों का घर बना लिया है ! पुरुस्कार समिति की अमेया जाधव ने कहा की आसेगावकार निराधार दिव्यांग निराश तथा हताश रोगियों का मुफ्त या कम खर्च में इलाज कर रहे है तथा अब तक बीटिंग हार्ट सर्जरी सहित करीब २००० ओपन हार्ट सर्जरी के मरीजों को एनेस्थिया दी है साथ ही चाइल्ड सर्जरी एनेस्थिया में गहरी रुचि रखते है! इस क्रम में २४ दिसंबर रामभाऊ महाल्गी सभागृह में आयोजित समारोह के दौरान इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा डॉक्टर हेडगेवार अस्पताल के वैधकीय संचालक डॉक्टर अनंत पंढरे के विशेष आथित्य में यह पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा! इस अवसर पर महापूजा के संयोजक प्रियदर्शन कुलकर्णी ने बताया की केशव सृष्ठि में २४ दिसंबर को प्रभु श्री राम की थीम पर आयोजित केशव सृष्ठि महोत्सव के दौरान विभिन्न प्रकार के समाजोन्मुखी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है इस महोत्सव को लेकर भायंदर पश्चिम के गीतानगर से सुबह रामरथ निकलेगा जो विभिन्न मार्गो से गुजरता हुआ केशवसृष्ठि पहुंचेगा ! पत्रकार परिषद में केशवसृष्ठि के हेमंत म्हात्रे, उमेश मोरे,डॉक्टर सुशील अग्रवाल, अमेया जाधव, वैजयंती आप्टे,एडवोकेट सुनीता तिवारी उपस्थित रहे! गौरतलब है की केशव सृष्ठि पुरुस्कार का चयन बहनों द्वारा देशभर में घूम कर चयन किया जाता है पुरुस्कार समिति में जिसमे समिति ,डॉक्टर अल्का मांडके,रश्मि भातखलकर, अर्चना वाडे, डॉक्टर कविता रेगे,एडवोकेट सुनीता तिवारी, अमेया जाधव,हेमा भाटवडेकर, वैजयंती आप्टे, सुनयना नटे आदि बहनों का समावेश है!


**MIRA BHAINDAR MUNICIPAL CORPORATION**
**INFORMATION AND TECHNOLOGY DEPARTMENT**
Indira Gandhi Bhavan, Chattrapati Shivaji Maharaj Marg,
Bhayander (W) -401101 Tal.Dist. Thane 401101 28192828 ext:-289

**SOCIAL WELFARE DEPARTMENT**

Website - www.mbmc.gov.in E-mail- it@mbmc.gov.in Telephone No. - 28192828-251

Out. No./S.D.D./ 180/2023-24 Dt. 22/12/2023

// Tender Notice //

Mira Bhaindar Municipal Corporation invited sealed tender form for following Works. The Tender form and other relevant document will be available for download on MBMC's e-Tendering website as https://mahatender.gov.in from D1 27/12/2023 to Dt. 04/01/2024 1:00 pm Tender Form Fee and EMD Should be submitted through online Receipt System. tailing which the tender will be disqualified.

The Jast date for submission of tenders completed in all respects 01041/2024 on D12712/2023 10 Municipal Corpoon 3:00 pm on the above mentioned webs 08/01/2024 website, Mira Bhaindar 3.00 pm at 1" floor, Social welfare Department, of Mira Bhaindar Municipal Corporation head office.

Hon Commissioner of Mira Bhaindar Municipal Corporation has reserved right to reject any or all online bids, without assigning any reasons.

| Sr. no | Name of work | Cost of Tender Documents + 18% GST (in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Lakh) |
|---|---|---|---|
| 1 | To organize employment fair and setting up employment availability center for the purpose of Economic Empowerment of Women | Rs 3400/- | Rs. 50000/- |

Note:-
1. Tender document shall not be sent or received by Post.
2. Tender document Submission is online only.
3. EMD and Document Fees shall be submitted through online receipt system Available on e-tendering website.
4. For more information please contact with Social Welfare Department, First floor, Head Office, Late Indira Gandhi Bhavan, Chatrapati Shivaji Maharaj Marg, Bhayandar (W)
5. Other scope of work should be seen in terms of tender.

Ref No:MBMC/PRO/E1191480/2027-24
Date : 23/12/2023

sd/-
(Kalpita Pimple)
Dy-Commissioner
(Social Welfare Department)
Mira Bhaindar Municipal Corporation

# आरोग्यवर्धिनी केंद्रों से जनता को मिलेगी राहत

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा भायंदर महानगरपालिका क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं अब सुदृढ. होगी। केंद्र सरकार के १५वें वित्त आयोग अंतर्गत शहरी और ग्रामीण परिसरो के लिए प्रमुख रूप से प्राथमिक आरोग्य सेवा सुदृढ करने हेतु २०२१-२२ से २०२५-२६ के बीच पंचवर्षीय विभिन्न उपक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी उपक्रम अंतर्गत मनपा को कुल ३५ नागरिक आरोग्यवर्धिनी केंद्र शुरू करने की मंजूरी मिली हुई है। जिसमें से ५ नए नागरिक आरोग्यवर्धिनी केंद्र की शुरुआत किए जाने की जानकारी मनपा प्रशासन ने दी है। बता दें की मीरा भयंदर मनपा क्षेत्र के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार मिलने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा २०२१-२२ के लिए ११, वर्ष २०२२-२३ के लिए २४ ऐसे कुल ३५ नागरिक आरोग्यवर्धिनी केंद्र मंजूर किए गए हैं।वर्ष २०२१-२२ के लिए मंजूर किए गए ११ केंद्र में से मनपा ने ५ नए केंद्र शुरू किए हैं। जिसमें भायंदर पश्चिम में उत्तन के पाली स्थित मनपा स्कूल, मोरवा के मनपा स्कूल, भायंदर पूर्व के इंद्रलोक परिसर के आरक्षण क्रमांक २२५, मीरारोड के शांति नगर और घोडबंदर मार्ग पर काजू पाडा के मनपा स्कूल के नागरिक आरोग्यवर्धिनी केंद्र का समावेश है। यह केंद्र दोपहर २ से रात के १० बजे तक शुरू रहेंगे जिसमें बाह्य रुग्ण सेवा (ओपीडी ), प्रयोगशाला जांच, टेली कंसलटेंसी, गर्भवती माताओं की जांच, टीकाकरण और स्वास्थ्य सेवा मुफ्त दी जाएगी । प्रथम चरण में ११ केंद्र में से २ केंद्र के कार्य शुरू हैं और एक केंद्र के लिए जगह की खोज की जा रही है। दूसरे चरण में २४ केंद्र की जगह की खोज के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग से पत्र व्यवहार की गई है। वर्तमान में मनपा की ११ प्राथमिक आरोग्य केंद्र शहर में शुरू हैं। इसके अलावा उपकेंद्र व घूमता दवाखाना उपलब्ध कराई गई है। अब तक ११ में से ५ डॉक्टर की नियुक्ति मनपा द्वारा की गई है, इसलिए शुरुआत में ५ नई नागरिक आरोग्यवर्धिनी केंद्र शुरू किए गए हैं। कई बार एमबीबीएस डॉक्टर मनपा को उपलब्ध नहीं होने से सरकार ने मनपा को बीएएमएस डॉक्टरों की नियुक्ति करने को मान्यता दे दी है। जिससे मनपा को शीघ्र ही पर्याप्त डॉक्टर उपलब्ध हो जायेंगे। आरोग्यवर्धिनी केंद्रों के लिए पर्याप्त नर्स, बहुउद्देशीय कर्मचारी, सफाई कर्मी व सुरक्षा रक्षकों की नियुक्ति की गई है

# असुविधाओं से चर्चित अस्पताल में मोतियाबिंद का हुआ सफल ऑपरेशन



भायंदर : असुविधाओं के लिए चर्चित मीरा भायंदर शहर के एकमात्र सरकारी भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी धटेंबाध अस्पताल में बुधवार को ५ मोतियाबिंद से पीडित लोगों का सफल ऑपरेशन किया गया। इसके साथ ही इस अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन का शुभारंभ किया गया है। अस्पताल की डॉ. ग्रंथाली पवार , और डॉ.भाग्यश्री वाईनकर ने यह सफल ऑपरेशन किया। इस अवसर पर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी जाफर तडव़ी तथा नियामक मंडल के सदस्य व पूर्व नगरसेवक ओमप्रकाश गाडोदिया, सुलतान पटेल आदि भी विशेष रूप से उपस्थित थे। गाडोदिया ने बताया की अस्पताल की यह अच्छी पहल और उपलब्धि है। आज ७०% लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत होती ही है। अब इस सरकारी अस्पताल में लोग मुफ्त में इसका ऑपरेशन करवा सकेंगे।

# झोपड़ावासियों के पक्के घरों का सपना जल्द होगा साकार, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एड रवि व्यास ने की बैठक



**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। मीरा भायंदर में रहने वाले लाखों झोपडावासियों के पक्के घरों का सपना जल्द ही साकार होने जा रहा है। आज बीजेपी मीरा भायंदर विधानसभा प्रमुख एडवोकेट रवि व्यास द्वारा मीरा रोड के बुद्ध विहार सभागृह में वरिष्ट अधिकारियों के साथ आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के बाद साफ हो गया कि जल्द ही झोपडप़ट्टी में रहने वाले लाखों लोगों को पक्के घर मिलने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। बैठक में शामिल होने वाले प्रमुख प्रमुख अधिकारियों में एमएमआर एसआरए के सीईओ आईएएस अधिकारी पराग सोमन, नितिन पवार, डिप्टी कलेक्टर वैशाली ठाकुर परदेसी, राजकुमार पवार, तहसीलदार स्मिता मोहिते, असिस्टेंट रजिस्टार बांगर, आर्किटेक्ट निलेश सावंत के अलावा मीरा भायंदर के काफी संख्या में आर्किटेक्ट उपास्थित रहे। उपास्थित एसआरए अधिकारियों ने मीरा भायंदर के आर्किटेक्ट का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि किस तरह योजना के तहत बिना किसी रूकावट के लोगों को पक्के घर दिए जाएंगे। उन लोगों ने हर संभव मदद और सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए एडवोकेट रवि व्यास ने कहा कि मीरा भायंदर को झोपडप़ट्टी मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है।

# ट्रेफिक हटाओ साकीनाका बचाओ



मीरारोड : जीवनधारा संघ का कार्यकर्ता सम्मेलन भव्य तरीके से संपन्न हुआ। जिसमे संस्था कि तरफ से समाज हित के लिए बहुत सी योजना बनाई गई। जिसमे जीवनधारा संघ के राय़्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद (भाऊ) पाण्डेय ने कहा जो हमारी पेंडिंग कार्य है ट्रेफिक हटाओ साकीनाका बचाओ आंदोलन जनवरी के लास्ट सप्ताह में होगा, भायंदर स्टेशन के बाहर का वैश्या व्यापार बंद होगा नही हुआ तो फरवरी के पहले सप्ताह में जन आंदोलन होगा और आरे रुगणालय को पुरी तरह २४ घंटे चालू करने के लिए फरवरी के दूसरे सप्ताह में बडा जन आंदोलन होगा इसकी के साथ में जरूरत मंद १०० लोगों दोनों समय का खाना देना २०२४ जनवरी २६ से शुरुवात करेंगे. २०२५ जनवरी में वसई के अंदर जीवनधारा संघ का वृद्धा आश्रम और अनाथ आश्रम का उद्घाटन किया जायेगा और समाज से आवाहन किया कोई भी गरीब मां बाप अपने बेटियों की शादी कोई सोशल स्टेज पर ना करवाए जिसके लिए वो बेटियां शर्मिंदा ना हो और उन्हें अपनी बेटी की शादी करवाना है तो सच में गरीब है उनके लिए संघ की तरफ से १ मंगलसूत्र, १ शादी का जोडा, मेक लडक़ी पंडित का पूरा खर्चा जीवनधारा संघ करेगा, । संस्था की राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा डॉ. पिंकी पाल ने महिला शसक्तिकरण और लखनऊ में जनवरी में कार्यालय का उद्घाटन करेंगे उसी कडी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल सिंह कुडीया ५०० लडकियों को कराटे फ्री में सिखाएंगे। कार्यकर्म में मुख्य रूप से उपस्थित जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविन्द (भाऊ)पाण्डेय, राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा डॉ. पिंकी पाल, राष्ट्रीय महासचिव प्रिती पन्हाले,राष्ट्रीय सचिव पूजा सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल सिंह कुडिय़ा, राष्ट्रीय महिला उपाध्यक्षा रत्ना नंबूदिरी, राष्ट्रीय सचिव दिलीप विश्वकर्मा व संतोष विश्वकर्मा,मध्य प्रदेश अध्यक्ष संदीप मिश्रा, सलाहकार मनोज झा,साधना शर्मा, तजिंद्र कौर , ब्रिजेश सिंह, प्रभाकर जाधव,अजय मिश्रा,भावेश चौहान, कैलाश बादवानी शिवलिंग,खालिद शेख, तबस्सुम शेख,सारिका नायडू, बिरजू चौधरी, सुबोध मिश्रा, प्रतिभा मालशेट्टी और जीवनधारा संघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा रत्ना नंबूदिरी आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए।

## गार्डन के नाम से अनोखा कार्यक्रम





भायंदर। आमतौर पर संडे का दिन काम के बोझ से हटकर मौज मस्ती का दिन होता है। यही कारण है कि बूढा हो या जवान, बच्चे हो या महिलाएं, हर कोई इस दिन एक नए तरह का जीवन जीना चाहता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए मीरा भयंदर की पूर्व भाजपा नगरसेविका नीला सोंस और नगरसेवक विजय राय के प्रयासों से पहली तरह का एक अनोखा उपक्रम शुरू किया है । पूनम गार्डन, लक्ष्मी पार्क गार्डन, रामदेव पार्क गार्डन में संडे गार्डन के नाम से अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। २८ फरवरी तक आने वाले सभी संडे को शाम ४ बजे से ८ बजे तक सभी बच्चे, सीनियर सिटीजन और आम नागरिक सिंगिंग ,डांसिंग और म्यूजिक का भरपूर आनंद उठा सकते हैं। पिछले संडे को लोगों ने संडे गार्डन में जी भरकर आनंद उठाया। इस बारे में पूछे जाने पर नीला सोंस ने कहा कि महापालिका द्वारा सभी नागरिकों में आपसी समन्वय तथा समरसता को प्रोत्साहित करने की दिशा में संडे गार्डन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सभी इसमें भरपूर आनंद उठा रहे हैं।



आचार्य अत्रे चौक एवं माता रमाबाई चौक परिसर में स्वच्छता मुहिम की छायाचित्र

# सीतामढ़ी गांव जाने के लिए नई ट्रेन की शुरुवात, सांसद सुनील कुमार पिंटू ने मिथिलावासियों को दी शुभकामनाएं

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : मुंबई से बिहार खासकर मिथिलांचल क्षेत्र के लोगों को अपने गांव जाने के लिए वर्ष भर रेल टिकट की दिक्कत का सामना करना पडत़ा है। प्रवासी मिथिलावासियों की लगातार मांग रही है कि गरीब रथ या वंदे भारत ट्रेन की तरह ही कोई ट्रेन मिथिलांचल क्षेत्र के लिए शुरू की जाए। उनकी इस मांग को देखते हुए सीतामढी (बिहार ) के सांसद सुनील कुमार पिंटू ने खुशखबरी दी है कि शीघ्र ही मुंबई से सीतामढी के लिए नई ट्रेन सेवा शुरू की जायेगी। इसके लिए वे प्रयासरत हैं और रेल मंत्रालय के लगातार संपर्क में हैं। सांसद पिंटू रविवार को मीरारोड के शहनाई हॉल में धमैथिल विकास प्रतिष्टान ध के ५ वें वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की श्री राम जन्मभूमि अयोध्या की तरह ही मां सीता के प्राकट्य स्थल सीतामढी के पुनौरा धाम में भी भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक प्रताप सरनाईक, पुणे के आयकर आयुक्त आईआरएस राकेश झा भी विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सरनाईक ने कहा की



प्रतिष्टान का अगला वार्षिक उत्सव मीरारोड में निर्माणाधीन धमिथिला भवन ध में संपन्न होगी। उन्होंने कहा की मैथिल लोग बहुत शिक्षित होते हैं। जिससे आईएएस ,आईपीएस, आईआरएस बनते हैं। मैथिली भाषा बहुत प्यारी होती है। प्रतिष्टान बहुत ही सुनियोजित तरीके से समाज में एकरूपता रखते हुए कार्यक्रम करते हैं। इनकी जो भी जरूरत होगी उसे वे पूरा करेंगे। एमवीपी के अध्यक्ष आमोद झा ने कहा कि मैथिल विकास प्रतिष्टान , मैथिल समाज की मुंबई सहित महाराष्ट्र और देश की अग्रणी समाजिक संस्था में शामिल होगी। प्रतिष्टान के सामाजिक कार्यों की सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। सुप्रसिद्ध गायिका प्रिया मलिक, मुकुंद मिश्र, पूजा झा की टीम ने मिथिला के पारंपरिक लोकगीत झिझिया, जट -जटिन,नाटक आदि की रंगा रंग प्रस्तुति से उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पंडित गौरीकांत झा द्वारा मंत्रोच्चार से की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष आमोद कुमार झा ,सचिव पं. गौरीकान्त झा ,संरक्षक राम सुन्दर झा तथा भावेश झा, उपाध्यक्ष निलेश झा और कोर कमिटी के सदस्यों वंदना मिश्र, साधना झा, रिंकी पांडे , शेखर सिंह , मोदनारायण झा, प्रकाश चौधरी, विपिन झा, विरेन्द्र झा, भालचंद्र झा, राघवेंद्र, प्रमिल झा, अमित अमरकांत झा, श्रवण झा,विनोद बृजनंदन मिश्र आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# पूर्व नगरसेवक मदन सिंह के प्रयासों से शौचालय हुआ शुरु



भायंदर। मीरा भायंदर के पूर्व नगरसेवक मदन उदित नारायण सिंह के प्रयासों के चलते नवघर रोड के आराधना सोसायटी में काफी सालों से बंद पडे. सार्वजनिक शौचालय की रिपेयरिंग करके उसे फिर से चालू किया गया। शौचालय के बंद होने से उस परिसर में स्थित कारखानों में काम करने वाले कामगारों को बडी परेशानी हो रही थी। कामगारों की समस्या से अवगत होने के बाद मदन सिंह ने सोसाइटी व शौचालय चालक से प्रयास करके उसे चालू करवाया। सार्वजनिक शौचालय के पुन: चालू होने से कामगारों ने राहत की सांस ली है। इस अवसर पर भाजपा नेता जटाशंकर पांडे, रामसहाय पाठक, निकेत काले, संतोष बसवंत समेत स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI